RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक
नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

नगरीय निकाय चुनाव

पहले दिन 35 प्रत्याशियों ने भरे 42 नामांकन...

उदयपुरवाटी में सबसे ज्यादा 18 पर्चे

चिड़ावा में 11, दस निकायों में खाता नहीं खुला

अशोक राईका

झुंझुनूं (झुंझुनूं) नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही पहले दिन जिले में 35 प्रत्याशियों ने 42 पर्चे दाखिल किए। सबसे ज्यादा उत्साह उदयपुरवाटी में दिखा, जहां 12 प्रत्याशियों ने 18 नामांकन जमा कराए। चिड़ावा में 11 प्रत्याशियों ने 11 पर्चे दाखिल किए। हालांकि जिले के 19 निकायों में से 10 निकाय ऐसे रहे, जहां पहले दिन एक भी नामांकन नहीं आया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अरुण गर्ग के अनुसार झुंझुनूं नगर परिषद में एक प्रत्याशी ने एक, सुल्ताना में एक प्रत्याशी ने दो, सिंघाना में एक ने एक, खेतड़ी में पांच प्रत्याशियों ने पांच, नवलगढ़ में एक ने एक और डूंडलोद में दो प्रत्याशियों ने दो नामांकन दाखिल किए। मलसीसर में भी एक प्रत्याशी ने एक पर्चा

भरा। वहीं पहले दिन बगड़, मंड्रेला, पिलानी, विद्याविहार, सूरजगढ़, बुहाना, जाखल, मुकुंदगढ़, मंडावा और बिसाऊ में किसी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। ऐसे में अगले चार दिनों में नामांकन का आंकड़ा तेजी से बढ़ने की संभावना है।

टिकट नहीं मिला तो बगावत की तैयारी

निकाय चुनाव में टिकट को लेकर भाजपा और कांग्रेस में खींचतान के बीच कई दावेदारों के बगावत के मूड में आने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि दोनों दलों के कुछ सक्रिय कार्यकर्ता एहतियात के तौर पर दो-दो नामांकन पत्र खरीद रहे हैं। इनमें एक पर्चा पार्टी के सिंबल पर और दूसरा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दाखिल करने की तैयारी है। दावेदारों की रणनीति यह बताई जा रही है कि यदि अंतिम समय तक पार्टी की ओर से टिकट या सिंबल नहीं मिलता है तो उनका निर्दलीय नामांकन मैदान में बना रहे। इससे पार्टी से टिकट नहीं मिलने की स्थिति में चुनाव लड़ने का विकल्प खुला रहेगा।

मुख्यमंत्री शर्मा की रक्षाबंधन और संस्कृत दिवस पर शुभकामनाएं

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रक्षाबंधन (28 अगस्त) के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट स्नेह, विश्वास का प्रतीक होने के साथ ही हमारी समृद्ध संस्कृति का परिचायक भी है।

नेपाल में एक और बाढ़ की चेतावनी

359 शव बरामद, 288 भारतीय समेत 1500 लापता

काठमांडू।

नेपाल में बुधवार की भीषण बाढ़ के बाद चीन ने भोटेकोशी नदी में फिर बड़ी बाढ़ की चेतावनी दी है। चीन से मिली जानकारी के मुताबिक, रसुवागढ़ी बॉर्डर से करीब 18 किमी ऊपर ल्हेंदे नदी में पानी रुकने से झील बन गई है। प्रशासन ने निचले इलाकों के लोगों को नदी किनारे से दूर सुरक्षित जगह जाने की सलाह दी है। झील के टूटने पर भोटेकोशी में फिर तेज बाढ़ आ सकती है। नेपाल पुलिस के गुरुवार शाम 5 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार की बाढ़ में 359 लोगों की मौत हो चुकी है। 8 जिलों से शव बरामद किए गए हैं। सबसे ज्यादा चितवन जिले में 132 शव मिले हैं। बाढ़ के बाद करीब 1,500 लोग लापता हैं। इनमें 288 भारतीय भी शामिल हैं। वहीं, 21 भारतीयों को बचाया गया है, जिनमें 11 की पहचान हो चुकी है।

लैंडस्लाइड से 5.2 तीव्रता के भूकंप जितना झटका

बुधवार सुबह 8:37 बजे नेपाल-चीन सीमा के पास तेज झटके महसूस किए गए। शुरुआत में अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इसे 4.4 तीव्रता का भूकंप बताया था। लेकिन बाद में पता चला कि पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा बर्फ और चट्टानों के साथ ल्हेंदे खोला नदी में गिरा था। ल्हेंदे खोला, भोटेकोशी नदी की सहायक नदी है। भोटेकोशी चीन से निकलकर नेपाल में प्रवेश करती है। बाद में स्त्रस ने भी स्पष्ट किया कि 5.2 तीव्रता के भूकंप जैसा यह झटका लैंडस्लाइड के कारण पैदा हुआ था।

लंदन में नेपाली समुदाय ने बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद शुरू की

बाढ़ और भूस्खलन से हुई तबाही के बाद लंदन में रहने वाला नेपाली समुदाय मदद के लिए आगे आया है। प्लमस्टेड स्थित श्री पशुपतिनाथ मंदिर में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए डोनेशन बॉक्स रखा गया है। मंदिर के पुजारी नील हरि ग्रिमियर की पहल पर रखे गए इस बॉक्स में मंदिर आने वाले लोग अपनी इच्छा से आर्थिक सहयोग दे रहे हैं। यह राशि नेपाल में आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए दी जाएगी।

शव के कान से बाली निकालने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

नेपाल में बाढ़ में बहकर आए एक शव के कान से बाली निकालने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों को आगे की पूछताछ और जांच के लिए जिला पुलिस कार्यालय, चितवन भेजा गया है।

महिला सुपरवाइजर भर्ती पेपर लीक मामला

कालेर गैंग से पेपर खरीदकर भाभी को नकल कराने वाला गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। महिला सुपरवाइजर (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती परीक्षा-2018 के पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप ने तुलछाराम कालेर गैंग से पांच लाख रुपए में पेपर खरीदने वाले आरोपी मनीराम सारण को गिरफ्तार किया है। चूरू के सांडवा थाना क्षेत्र स्थित कातर बड़ी गांव निवासी मनीराम ने कथित तौर पर लीक पेपर खरीदकर अपनी भाभी को ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए परीक्षा में नकल करवाई थी। आरोपी से पेपर लीक नेटवर्क और अन्य लाभार्थी अभ्यर्थियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल के अनुसार 6 जनवरी 2019 को आयोजित महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र बीकानेर के श्री रामसहाय आदर्श सेकंडरी स्कूल से लीक हुआ था। जांच के अनुसार गिरोह के सरगना तुलछाराम कालेर, पौरव कालेर तथा गिरोह के सदस्य राजू मैट्रिक्स और दिनेश सिंह चौहान ने मिलकर पेपर लीक किया था। लीक प्रश्नपत्र को गिरोह के सदस्यों ने हल किया और ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए अभ्यर्थियों को उत्तर बोलकर नकल कराई गई। जांच में सामने आया कि पेपर लीक में तुलछाराम कालेर गैंग के साथ जगदीश बिश्नोई गैंग की भी संलिप्तता रही। दोनों गैंग के सदस्यों ने अपने रिश्तेदारों और अन्य अभ्यर्थियों को लीक पेपर उपलब्ध कराया तथा ब्लूटूथ के जरिए परीक्षा में नकल कराई। इस संबंध में एसओजी थाना जयपुर में प्रकरण दर्ज है। मनीराम को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पेपर लीक नेटवर्क और इससे लाभ लेने वाले अन्य अभ्यर्थियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। एसओजी के अनुसार मामले में अब तक 13 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें पेपर लीक गिरोह के सात सदस्य और नकल के जरिए परीक्षा देने वाली छह महिला अभ्यर्थी शामिल हैं।

ओलंपिक खेलों में भागीदारी बढ़ानी होगी, अभी से खिलाड़ी तैयार करें : पीएम मोदी

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने गुरुवार को 1,500 से ज्यादा जगहों पर युवाओं और खिलाड़ियों से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने कहा कि ओलंपिक के 20 से ज्यादा खेलों में भारत की भागीदारी नहीं रही। ओलंपिक में भारत की भागीदारी बढ़ानी होगी। 2036 ओलंपिक के लिए अभी से खिलाड़ी तैयार करें। मोदी ने कहा- 15 अगस्त को देश के सामने स्पोर्ट्स विजन रखा। यह सिर्फ मेडल जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि विकसित भारत और देश की खेल शक्ति बढ़ाने का अभियान है।

पीएम ने कहा- मैं हमेशा कहता हूं- जो खेले, वो खिले। आज युवाओं को स्क्रीन से ज्यादा स्पोर्ट्स सेंटर और प्लेग्राउंड चाहिए।

नेशनल स्पोर्ट्स डे और मेजर ध्यानचंद पर- 29 अगस्त को नेशनल स्पोर्ट्स डे मनाया जाता है। यह महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को याद करने का दिन है। करीब 100 साल पहले भारतीय सेना की हॉकी टीम न्यूजीलैंड गई थी, जिसमें ध्यानचंद भी शामिल थे। भारत-न्यूजीलैंड संबंधों को आज और मजबूत किया जा रहा है।

ओलंपिक में नए खेलों पर- देश के हर जिले में खेल प्रतिभाएं हैं। ओलिंपिक के 20 से ज्यादा खेलों में भारत की भागीदारी नहीं रही है, जबकि दूसरे देश मेडल जीत रहे हैं।

आंध्र प्रदेश में बस और ऑटो-रिक्शा की टक्कर, 7 की मौत

पलनाडु। आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले में गुरुवार को एक बस ने ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य घायल हुए हैं। घायलों में 4 बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसा चिलकलूरिपेट मंडल के अड्डा रोड के पास हुआ। बस विजयवाड़ा से तिरुपति जा रही थी, तभी उसने 15 यात्रियों को लेकर जा रहे ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक, ऑटो-रिक्शा सड़क के गलत तरफ मुड़कर बस के रास्ते में आ गया था। उस समय बस करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। नरसारावपेट के डीएसपी एम. हनुमंत राव के मुताबिक, हादसा रात करीब 1 बजे हुआ। तिरुपति जा रही बस एक यात्री को लेने के लिए चिलकलूरिपेट के पास बाईपास पहुंची थी। यात्री को लेने के बाद बस नरसारावपेट बस स्टैंड की ओर जा रही थी। इसी दौरान कला मंदिर जंक्शन के पास बस की ऑटो-रिक्शा से टक्कर हो गई।

राज्यपाल श्री बागडे से भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने की शिष्टाचार भेंट

जयपुर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से गुरुवार को लोकभवन में भारतीय सेना के थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने पहुंचकर मुलाकात की। राज्यपाल श्री बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

ब्लिंकिट-स्विगी, डीमार्ट से 5 किलो से ज्यादा शक्कर नहीं मिलेगी

रिटेल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ने लिमिट तय की, एक महीने में 35% महंगी हुई

नई दिल्ली

ब्लिंकिट, जेप्टो जैसे क्विक-कॉमर्स एप्स से अब ग्राहक एक बार में 2 से 5 किलो तक ही चीनी खरीद पाएंगे। देश में त्योहारी सीजन की शुरुआत से ठीक पहले चीनी की सप्लाई घटने और कीमतों में अचानक आई तेजी के बाद यह फैसला लिया गया है। उपभोक्ता मामले विभाग के मुताबिक, 26 अगस्त को देश में चीनी की औसत खुदरा कीमत 65.05 रुपए किलो पर पहुंच गई है। महज एक महीने पहले 26 जुलाई को यह 48 रुपए प्रति किलो थी। यानी 30 दिनों में चीनी 35.5त्न से महंगी हुई है।

डीमार्ट और रिलायंस रिटेल ने भी कैपिंग लगाई

ऑफलाइन बाजार में डीमार्ट और रिलायंस रिटेल जैसे सुपरमार्केट्स ने प्रति ग्राहक 2 से 3 किलो चीनी खरीदने की सीमा तय की है। प्रमुख चीनी ब्रांड्स के एक सीनियर एग्जीक्यूटिव के मुताबिक, रिटेलर्स यह कदम जमाखोरी रोकने और हर ग्राहक को स्टॉक उपलब्ध कराने के लिए उठा रहे हैं। थोक बाजार में भी चीनी के दाम 45 रुपए किलो से बढ़कर 60 .36 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। पीआईबी के आंकड़ों के मुताबिक, 20 जुलाई से 20 अगस्त के बीच ही चीनी के दाम 16त्न तक बढ़ गए थे, जो अगस्त के आखिरी हफ्ते तक और तेज हो गए।

भाजपा-कांग्रेस में टिकट की होड़, परिसीमन ने बदले चुनावी समीकरण

संजय सोनी

झुंझुनूं (नवयत्न)। नगर परिषद के 60 वार्डों में चुनाव प्रक्रिया गुरुवार से शुरू होते ही भाजपा और कांग्रेस में टिकट हासिल करने की होड़ तेज हो गई है। दोनों ही प्रमुख दलों में संभावित दावेदार अपने-अपने स्तर पर टिकट के लिए सक्रिय हो गए हैं। वहीं, वार्डों के नए परिसीमन ने कई पुराने राजनीतिक समीकरणों को भी बदल दिया है। सत्तारूढ़ भाजपा में सक्रिय सदस्यों और टिकट के दावेदारों की लंबी सूची पार्टी के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। एक ही वार्ड से कई दावेदार सामने आने की स्थिति में टिकट वितरण के बाद असंतोष और बगावत के आसार से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पार्टी को टिकट वितरण में दावेदारों की महत्वाकांक्षा के साथ उनकी जमीनी पकड़, संगठन में सक्रियता और जीत की संभावनाओं के बीच संतुलन साधना होगा। वहीं कांग्रेस में टिकट की दौड़ में शामिल दावेदार लगातार विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी अमित ओला और सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला के समक्ष अपनी दावेदारी और विजन रख रहे हैं। टिकटार्थी अपने-अपने वार्ड में जीत के समीकरण और संभावित रणनीति भी साझा कर रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस में भी टिकट चयन को लेकर अगले दो दिनों में गतिविधियां और तेज होने की संभावना है। रक्षाबंधन के अवकाश के बाद रविवार का अवकाश होने के कारण नामांकन के लिए 29 और 31 अगस्त ही अवसर रहेगा।

परिसीमन ने बिगाड़ा कई दावेदारों का खेल

इधर, परिसीमन के बाद वार्डों के पुनर्गठन ने कई दावेदारों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। शहर के कुछ वार्ड ऐसे भी हैं, जहां कांग्रेस की ओर से अभी तक कोई दावेदार खुलकर सामने नहीं आ पा रहा है। इसका एक प्रमुख कारण बदली हुई वार्ड सीमाओं को माना जा रहा है। पूर्व में पार्षद रह चुके कई नेता भी नए परिसीमन के बाद अपने पुराने राजनीतिक क्षेत्र से अलग हुए वार्डों में खुद को असहज महसूस कर रहे हैं। बदली भौगोलिक स्थिति ने उनके पुराने संपर्क, जातीय समीकरण और राजनीतिक पकड़ को प्रभावित किया है। ऐसे में टिकट वितरण के साथ-साथ नए वार्डों में नए चेहरों की तलाश भी दोनों दलों के लिए महत्वपूर्ण होगी। नगर परिषद चुनाव में अब टिकट की दौड़ केवल पार्टी के भीतर की प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रहने वाली है। बदले हुए परिसीमन के बीच पुराने राजनीतिक समीकरण, दावेदारों की व्यक्तिगत पकड़ और नए चेहरों की स्वीकार्यता की भी परीक्षा होगी। आने वाले दिनों में टिकट वितरण के साथ यह साफ होगा कि दोनों दल पुराने चेहरों पर भरोसा जताते हैं या बदले हुए वार्ड समीकरणों के हिसाब से नए चेहरों को मैदान में उतारते हैं।

नवयत्न कोबरी पोस्ट